सार-समाचार

सीटीएई कॉलेज में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम

उदयपुर, (निसं)। 37 वें सडक सुरक्षा माह के अंतर्गत सीटीएई कॉलेज, उदयपुर में सडक सुरक्षा को लेकर एक प्रभावशाली जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में यातायात नियमों के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना तथा सडक दुर्घटनाओं में कमी लाना रहा। कार्यक्रम में परिवहन विभाग, उदयपुर से आरटीओ इंस्पेक्टर घनश्याम मीणा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सडक पर थोडी-सी लापरवाही जीवनभर का दर्द दे सकती है, इसलिए नियमों का पालन करना केवल कानूनी दायित्व नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी भी है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि एवं मुख्य वक्ता, अशोक लीलैंड वाहन चालक प्रशिक्षण संस्थान, रेलमगरा से महेश जी चौधरी ने आधुनिक सडक सुरक्षा उपायों, सुरक्षित ड्राइविंग तकनीकों, हेलमेट व सीट बेल्ट के महत्व, ओवरस्पीडिंग और मोबाइल फोन के दुरुपयोग से होने वाले खतरों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने युवाओं से पहले सुरक्षा, फिर गति के सिद्धांत को अपनाने का आव्हान किया। कॉलेज के विक्रमादित्य दवे द्वारा अतिथियों का स्वागत किया। अध्यक्षता करते हुए कॉलेज के डीन सुनील जोशी जी ने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों की भूमिका केवल शिक्षा तक सीमित नहीं, बल्कि समाज को सुरक्षित और जागरूक नागरिक देना भी है। इस कार्यक्रम में कॉलेज के लगभग 130 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी विद्यार्थियों को यातायात नियमों का पालन करने, स्वयं सुरक्षित रहने तथा दूसरों को भी जागरूक करने की शपथ दिलाई गई।

आज और रविवार को यहां लगेंगे ग्राम शिविर

बांसवाड़ा(निसं)। ग्राम 2026 ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट 2026 के अंतर्गत 31 जनवरी को घाटोल पंचायत समिति के भूगढ़ा भू अभिलेख सर्कल में शिविर आयोजित होंगे। इसी प्रकार बांसवाड़ा पंचायत समिति के कुंडला कला, तलवाड़ा के चिड़ियावासा, गढ़ी के पालोदा, अरथुना के कोटडा, कुशलगढ़ के लोहारिया बड़ा, सज्जनगढ़ के कसारवाडी, बागीदौरा के करजी, गांगड़तलाई के गांगड़तलाई, आनंदपुरी के मुंद्री भू अभिलेख सर्कल में, 1 फरवरी को घाटोल पंचायत समिति के नरवाली व मोटागांव भू अभिलेख सर्कल में तथा बांसवाड़ा पंचायत समिति के नवागांव, तलवाड़ा के तलवाड़ा, कुशलगढ़ के छोटी सरवा, सज्जनगढ़ के सज्जनगढ़, बागीदौरा के बड़ोदिया भू अभिलेख सर्कल में शिविर आयोजित होंगे।

शहीद दिवस पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि

प्रतापगढ़,(निसं)। जिला कलेक्ट्रेट परिसर में शहीद दिवस के अवसर पर जिला कलेक्ट्रेट परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों द्वारा महात्मा गांधी के विचारों, अहिंसा, सत्य और राष्ट्र सेवा के संदेशों को साझा किया गया तथा उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में मुख्य कार्यकारी अधिकारी पर्वत सिंह चुंडावत, उपखंड अधिकारी अश्विनी मालू, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक डॉ. टी आर आमेटा, टीएडी उपायुक्त नीता वसीटा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

स्वर्ण प्राशन संस्कार शिविर का आयोजन आज

प्रतापगढ़, (निसं)। राजकीय जिला आयुर्वेद चिकित्सालय प्रतापगढ़ में संचालित आंचल प्रसूता केंद्र पर पुष्य नक्षत्र के दिन दिनांक 01/02/2026 रविवार को चिकित्सालय समय प्रातः 9 से 11 बजे तक एक दिवसीय निशुल्क स्वर्णप्राशन संस्कार शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को निशुल्क औषधि पिलाई जाएगी। स्वर्ण प्राशन आयुर्वेद इम्यूनाइजेशन की एक अनूठी विधि है जिसके चिकित्सकीय निर्देशन में नियमित सेवन से बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित होगी, जिससे वे बीमार नहीं होंगे व शारीरिक बौद्धिक विकास होगा एवं बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है।

इफको प्रतापगढ़ द्वारा किसान दिवस कार्यक्रम आयोजित

प्रतापगढ़, (निसं)। इफको प्रतापगढ़ एवं मोहेडा सहकारी समिति द्वारा ग्राम मोहेडा में किसान भंवरलाल सुथार के खेत पर किसान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गोवर्धनलाल गायरी मोहेडा समिति अध्यक्ष द्वारा की गई। कार्यक्रम में निलेश लववंशी, क्षेत्रीय अधिकारी इफको प्रतापगढ़, दिनेश मीणा, सहायक कृषि अधिकारी कृषि विभाग, पुष्करलाल मीणा कृषि पर्यवेक्षक, दशरथ लाल गायरी, समिति व्यवस्थापक, पंकज बैरागी, इफको एसएफए, जितेंद्र लबाना, इफको एमसी, देवीलाल प्रजापत इफको कॉर्डिनेटर, शैलेंद्र कुमार डांगी, कैलाशचंद्र मालवीय एवं 75 किसान उपस्थित रहे। कार्यक्रम में निलेश लववंशी, क्षेत्रीय अधिकारी इफको प्रतापगढ़ द्वारा परंपरागत उर्वरकों की देश में उपलब्धता, उपयोग क्षमता, के बारे में विस्तार से वर्णित कर बताया कि परंपरागत यूरिया एवं डीएपी की मात्रा को 25 से 50 प्रतिशत तक कम कर उसके स्थान पर अन्य प्रतिस्थापित उत्पाद जैसे नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी का इस्तेमाल किया जा सकता है इससे मिट्टी में सुधार, उर्वरकों की उपलब्धता बनी रहेगी। नैनो यूरिया को 60 मिलीलीटर प्रति टंकी से 35 से 40 दिन की फसल में छिड़काव कर दानेदार यूरिया की मात्रा को 50 प्रतिशत तक कम किया जा सकता है। नैनो डीएपी से 5 मिलीलीटर प्रति किलो बीज शोधित कर दानेदार डीएपी को 25 से 50 प्रतिशत तक कम किया जा सकता है। साथ ही किसानों को अन्य पोषक तत्व नैनो जिंक कॉपर, सल्फर, बोरोन के बारे में भी जानकारी दी गई। सहायक कृषि अधिकारी द्वारा कृषि योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

खेड़ापति हनुमानजी धाम खोर में श्रीमद् भागवत कथा का भव्य समापन

निम्बाहेड़ा(निसं)। समीपवर्ती राज्य मध्यप्रदेश के जावद विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खोर में विराजित खेड़ापति हनुमानजी महाराज के पावन धाम में आयोजित दिव्य श्रीमद् भागवत कथा का समापन श्रद्धा, भक्ति एवं आध्यात्मिक उल्लास के साथ संपन्न हुआ। समापन अवसर पर निंबाहेड़ा के पूर्व विधायक अशोक नवलखा, पूर्व जिला प्रमुख गब्बर सिंह अहीर एवं नयागांव नगर परिषद के उपाध्यक्ष हरीश धाकड़ ने उपस्थित होकर राष्ट्र संत महर्षि श्री बालयोगी जी महाराज के मुखारविंद से संगीतमय एवं ओजस्वी श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करने का सौभाग्य प्राप्त किया। कथा प्रसंगों के माध्यम से महर्षि श्री बालयोगी जी महाराज ने श्रीमद् भागवत के गूढ़ आध्यात्मिक संदेशों को सरल शब्दों में प्रस्तुत करते हुए भक्ति, धर्म, सेवा और सदाचार के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत मानव जीवन को सही दिशा प्रदान करती है तथा ऐसे आध्यात्मिक आयोजन समाज में संस्कारों का संचार कर नैतिक मूल्यों को सुदृढ़ करते हैं। समापन अवसर पर अतिथियों ने कथा व्यास, महंत श्री हरिओम गिरी जी महाराज एवं समस्त आयोजक मंडल का हृदय से अभिनंदन किया तथा आयोजन की सफलतापूर्वक संपन्नता पर प्रसन्नता व्यक्त की।

निंबाहेड़ा की श्रीराम बस्ती-2 में धर्म ध्वजा की स्थापना

निंबाहेड़ा(निसं)। सनातन धर्म में समरसता, सामाजिक सौहार्द एवं राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से भारतवर्ष में आयोजित हो रहे विराट हिंदू सम्मेलन एवं धर्म सभा आयोजनों की श्रृंखला के अंतर्गत निंबाहेड़ा नगर की श्रीराम बस्ती-2 में विधिवत धर्म ध्वजा की स्थापना की गई। यह आयोजन श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना की गई तथा धर्म ध्वजा की स्थापना की गई। इस अवसर पर उपस्थित धर्म प्रेमियों ने सनातन संस्कृति की रक्षा, सामाजिक समरसता एवं राष्ट्रिहत में एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। जय श्रीराम, भारत माता की जय एवं सनातन धर्म की जय के उद्घोषों से संपूर्ण क्षेत्र भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो गया। इस आयोजन में श्रीराम बस्ती-2 के साथ-साथ शांति नगर, केशव नगर, महेश नगर, राजेंद्र नगर, पूजा नगर, वर्षा नगर, उदय रेजिडेंसी, गणपति नगर, अग्रसेन नगर एवं प्रेरणा विहार सहित आसपास के क्षेत्रों के बड़ी संख्या में धर्म प्रेमी नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने सनातन परंपराओं के संरक्षण एवं समाज में एकता और सौहार्द बनाए रखने का संदेश दिया।

गांधी की पुण्यतिथि व शहीद दिवस पर पुष्पांजलि अर्पित

उदयपुर(निसं)। राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय के कुलपति सचिवालय के सभागार में शुक्रवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि व शहीद दिवस पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने कहा कि गांधी जी देश में स्वराज्य के साथ रामराज्य के भी प्रबल पक्षधर थे। वे इन दोनों को अन्योन्याश्रित मानते थे और उनके मन मस्तिष्क में इन दोनों की तस्वीरें बिल्कुल साफ थी। 'मेरे सपनों का भारत' में उन्होंने लिखा था कि भारत मूल रूप में कर्मभूमि है , कर्मभूमि को लेकर मेरा सबसे बड़ा स्वप्न है रामराज्य की स्थापना। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी का जीवन ही समाज के लिए एक आदर्श है। गांधीजी दुनिया के ऐसे राजनेता है जिन्हे लोग नेता से बढ़कर संत के रूप में याद करते है। गांधीजी के सिद्धांतों ने विश्व को सत्य और अहिंसा का आधुनिक दर्शन दिया। मार्टिन लूथर किंग जूनियर से लेकर बराक ओबामा तक उन्हें आदर्श मानते थे। भारत ही नहीं पूरे विश्व में न केवल उनके विचारों की व्यापक स्वीकार्यता है बल्कि उनके सिद्धांतों को प्रासंगिक मानकर उन पर चलने का प्रयास भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब भी महात्मा गांधी का नाम लिया जाता है तब सबसे पहले जहन में दो शब्द आते है वो है सत्य और अंहिसा। गांधी जी ने सत्य के प्रति अडिग रहकर अपना पूरा जीवन राष्ट्र को समर्पित कर दिया, उन्होंने अपने विचारों से न केवल भारत को आजादी दिलायी, बल्कि समाज में अनेक सुधार भी किए। गांधी जी के सत्य, अहिंसा, स्वराज और सत्याग्रह के विचार शाश्वत है। उनकी ताकत थी सादा जीवन उच्च विचार एवं प्रकृति के प्रति अटूट प्रेम। इसी के बल पर वे भारतीयों के बापू बन गये। उनका प्रकृति और मनुष्य के प्रति प्रेम जग जाहिर है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण अहिंसा का मार्ग है।

गांधी की पुण्यतिथि व शहीद दिवस पर पुष्पांजलि कार्यक्रम प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत व अन्य अतिथिगण।

■ रामराज के प्रबल पक्षधर थे, गांधीजी : प्रो. सारंगदेवोत

इस अवसर पर रजिस्ट्रार डॉ. तरूण श्रीमाली, डॉ. भवानीपाल सिंह राठौड, डॉ. अमी राठौड, डॉ. चन्द्रेश छतलानी, डॉ. उदयभान सिंह, निजी सचिव कृष्णकांत कुमावत, जितेन्द्र सिंह चौहान, सवाराम डांगी, डॉ. हेमंत साहू, लहरनाथ, डॉ. रोहित कुमावत, डॉ. उत्तम शर्मा, कोमल भाटी सहित कार्यकर्ताओं ने बापू के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की।

मौन सभाओ एवं संगोष्ठियो का आयोजन

उदयपुर(निसं)। उदयपुर शुक्रवार को शहीद दिवस के अवसर पर विभिन्न संगठनों,संस्थाओ द्वारा मौन सभाओ एवं सगोष्ठियो का आयोजन कर शहीदों को श्रद्धांजली अर्पित की गई। महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि उदयपुर के सामुदायिक एवं व्यावहारिक विज्ञान महाविद्यालय में शहीद दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कुलगुरु डॉ.प्रताप सिंह धाकड, डीन डॉ. धृति सोलंकी, संकाय सदस्यों और विद्यार्थीयों ने दो मिनट का मौन रखकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके अलावा एमपीयूएटी की विभिन्न इकाइयों जैसे विवि का प्रशासनिक विकास ब्लॉकए डेयरी और खाद्य प्रौद्योगिकी महाविद्यालयए कृषि अर्थशास्त्र विभागए मृदा विज्ञान विभाग, राजस्थान कृषि महाविद्यालय के कार्यालय में सभी शैक्षिणक गैर-शैक्षिणक कर्मचारियों और छात्रों द्वारा भी मनाया गया। सिंधी बाजार स्थित राजकीय आदर्श आयुर्वेद औषधालय में शहीद दिवस गरिमामय और आत्ममंथन के वातावरण में मनाया गया। यह आयोजन महज औपचारिक कार्यक्रम नहीं बल्कि उस ऐतिहासिक चेतना को स्मरण करने का प्रयास थाए जिसने देश को त्यागए सत्य और अहिंसा का मार्ग दिखाया।

अमृता हाट में साड़ी, हस्तकला एवं शहद के स्टॉल्स पर उमड़ी भीड़

प्रतापगढ़, (निसं)। महिला स्वयं सहायता समूहों को आजीविका के अवसर उपलब्ध कराने एवं महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिले में अमृता हाट का आयोजन मोहनलाल सुखाड़िया स्टेडियम परिसर में शुक्रवार से किया जा रहा है। इस हाट में प्रदेश भर से आए महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा साड़ी, कोटा डोरिया, हस्तशिल्प, खाद्य उत्पाद, शहद सहित विभिन्न घरेलू एवं पारंपरिक उत्पादों के स्टॉल लगाए गए हैं, जिन पर आमजन की अच्छी खासी भीड़ देखने को मिल रही है। अमृता हाट के उद्घाटन समारोह में जिला पुलिस अधीक्षक बी. आदित्य ने आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण से ही समाज और देश प्रगति की राह पर आगे बढ़ता है। उन्होंने महिलाओं द्वारा तैयार किए गए उत्पादों की सराहना करते हुए आमजन से अधिक से अधिक खरीदारीकर महिला उद्यिमयों का उत्साह बढ़ाने की अपील की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग की सहायक निदेशक नेहा माथुर ने आयोजन में सहयोग देने वाले सभी विभागों का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने बताया कि अमृता हाट में राज्य के विभिन्न जिलों से आई महिलाएं अपने उत्पादों का विक्रय कर रही हैं। इस वर्ष अमृता हाट में 70 से अधिक स्टॉल्स लगाए गए हैं, जहां विविध एवं गुणवत्तापूर्ण उत्पाद उपलब्ध हैं। इस अवसर पर समाजसेवी महावीर सिंह कृष्णावत, सभापति राम कन्या गुर्जर, रवि जोशी, गोपाल धाभाई, सुनयना हापावत, उत्सव जैन, ईश्वर कुमावत, सूरज मीणा, शिवलाल साहू, रमेश गोपावत, दीपेश आमेटा, विपिन जोशी, कपिल बैरागी, मुकेश पालीवाल, दशरथ साहू, प्रशस्ति कुंवर, माही वैष्णव, गोपाल टेलर, एसीईओ धनदान देथा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक डॉ. टी.आर. आमेटा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

साई तिरुपति विवि में गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि

उदयपुर(निसं)। साई तिरुपति विश्वविद्यालय उमरड़ा उदयपुर में महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों सहित विश्वविद्यालय के अनेक विद्यार्थियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का आयोजन विवि के नर्सिंग कॉलेज परिसर में किया गया। इस अवसर पर प्रेसिडेंट डॉ. प्रशांत नाहर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए महात्मा गांधी के जीवन, उनके आदर्शों एवं देश के प्रति उनके योगदान के बारे में जानकारी दी। नर्सिंग कॉलेज के इंचार्ज विकास कुमार दाधीच के मार्गदर्शन में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान का शुभारंभ

प्रतापगढ़, (निसं)। महात्मा गांधी की पुण्यतिथि (शहीद दिवस) के अवसर पर शुक्रवार को जिले में स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जीवराज मीणा के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रिपता महात्मा गांधी को 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई। इसके पश्चात उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कुष्ठ रोगियों की सेवा, सहयोग एवं उनके प्रति भेदभाव समाप्त करने की शपथ दिलाई गई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जीवराज मीणा ने कार्यालय परिसर से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह जागरूकता रथ शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर आमजन को कुष्ठ रोग के लक्षणों, निःशुल्क उपचार तथा रोगियों के प्रति सामाजिक भेदभाव समाप्त करने के संबंध में जागरूक करेगा। डॉ. मीणा ने बताया कि स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान के अंतर्गत जिले के समस्त खंड मुख्यालयों पर विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जाएँगी। इनमें शपथ कार्यक्रम, भाषण, पोस्टर प्रदर्शन, निबंध लेखन आदि शामिल हैं। साथ ही विद्यालयों की प्रार्थना सभाओं में विद्यार्थियों को कुष्ठ रोगियों के प्रति संवेदनशीलता एवं सेवा की शपथ दिलाई जाएगी। कार्यक्रम के दौरान सीएमएचओ द्वारा कुष्ठ रोगियों की सेवा एवं पुनर्वास के महत्व पर प्रेरक संबोधन भी दिया गया।

इस्कॉन मन्दिर मे नित्यानंद प्रभु का आविर्भाव दिवस

उदयपुर(निसं)। गगूंकुण्ड स्थित इस्कॉन मन्दिर प्रांगण मे शनिवार को नित्यानंद त्रयोदशी के अन्तर्गत भगवान का आविर्भाव दिवस मनाया जायेगा। मन्दिर अध्यक्ष मायापुर वासी दास ने बताया कि आज सायंकाल 5 बजे भजन कीर्तन के पश्चात 6 बजे से महाभिषेक होगा। जिसमे नित्यानंद प्रभु का पंचामृत से एंव पुष्पाभिषेक कर छप्पन भोग प्रसाद धराया जायेगा।

'ग्राम उत्थान अभियान' द्वितीय चरण आज से, 11 गिरदावर सर्कल पर शिविर

उदयपुर(निसं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर प्रदेश भर में किसानों और आमजन को सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से प्रारंभ किए गए ग्राम उत्थान अभियान का द्वितीय चरण शनिवार से प्रारंभ होगा।

जिला कलक्टर नमित मेहता ने बताया कि द्वितीय चरण के तहत 31 जनवरी को बारापाल, पडूणा, पलानाकला, दरोली, कुण्डई, नांदेश्मा, माण्डवा, ओगणा, जवास, डेरी व लोसिंग गिरदावर सर्कल पर शिविर होंगे। वहीं 1 फरवरी को बंबोरा, मावली, खैरोदा, वास, मामेर,कोल्यारी एवं माकड़ादेव में शिविर प्रस्तावित हैं। तृतीय चरण 5 से 9 फरवरी तक आयोजित होगा।

शिविरों में कृषि, उद्यानिकी, कृषि विपणन, डेयरी, पशुपालन, मत्स्य पालन, सहकारिता, जल संसाधन, ऊर्जा, उद्योग, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज सहित 12 विभाग भाग लेंगे। शिविरों में तारबंदी, पाईप लाईन, फार्म पौण्ड, बैलों से खेती योजना के अन्तर्गत प्रोत्साहन राशि की स्वीकृतियां, सॉइल हेल्थ कार्ड वितरण, बीज मिनिकिट वितरण का सत्यापन करने के साथ ही फव्वारा एवं ड्रिप, प्लास्टिक मल्च, सौर पम्प संयंत्र इत्यादि की स्वीकृतियां और मुख्यमंत्री कृषक साथी सहायता योजना के आवेदनों सहित अन्य महत्वपूर्ण कार्य किए जाएंगे।

'गिवअप अभियान' उदयपुर में अब तक 1.91 लाख से किया गिवअप

उदयपुर, (निसं)। खाद्य सुरक्षा योजना में अपात्रों को हटाने तथा वंचित पात्र लोगों को जोड़ने के लिए राज्य सरकार की ओर से चलाए जा रहे गिवअप अभियान के तहत उदयपुर जिले में अब तक 1.91 लाख से अधिक लोगों ने स्वेच्छा से अपना नाम हटवा लिया है। अभियान के तहत स्वेच्छा से नाम हटवाने की अवधि 28 फरवरी तक है।

जिला रसद अधिकारी मनीष भटनागर ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मार्ग दर्शन में राज्य सरकार निरन्तर वंचित वर्गा के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदरा के स्पष्ट निर्देश है कि अंतिम पक्ति में खडे लोगों को सरकारी योजनाओं से जोड़कर लाभान्वित किया जाये ताकि वे समाज की मुख्यधारा से जुड़ सके। खाद्य सुरक्षा प्रदान करने के संबंध में निर्धारित मापदण्ड" राजस्थान खाद्य सुरक्षा नियम 2023 अनुसूची-1" में ऐसे परिवार जिसमें कोई आयकर दाता हो। परिवार जिसका कोई सदस्य सरकारी/अर्द्व सरकारी /स्वायत्त शासीसंस्थाओं में कर्मचारी हो, एक लाख से अधिक वार्षिक पारिवारीक आय हो अथवा परिवार में किसी सदस्य के पास चार पहिया वाहन हो (ट्रेक्टर आदि जीविकोपार्जन में प्रयुक्त वाहन को छोड़कर) निष्कासन सूची में शामिल हैं। भटनागर ने बताया कि 1 नवम्बर 2024 से प्रारंभ गिवअप अभियान में अब तक राजस्थान में लगभग 22 लाख 32 हजार व्यक्तियों ने स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा योजना से लाभ छोड़ा जिससे राज्य सरकार पर वार्षिक 409.39 करोड की राशि का वित्तीय भार कम होगा। इस क्रम में उदयपुर जिले में कुल 17 हजार 254 आवेदन प्राप्त हुये तथा कुल 1 लाख 91 हजार 583 लोगों द्वारा गिवअप किया गया। अभियान के तहत उदयपुर जिले में कुल 2289 अपात्र लोगों को नोटिस जारी किये गये जिन से वसूली की कार्यवाही की जायेगी। अभियान में प्रत्येक उचित मूल्य की दुकानपर खाद्य विभाग के प्रवर्तन अधिकारी व प्रवर्तन निरीक्षकों को औचक निरीक्षण करने के साथ ही खाद्य सुरक्षा में चयनित अपात्र लोगो को नोटिस जारी किये जाने के आदेश प्रदान किये गये है। खाद्य विभाग द्वारा शीघ्र ही परिवहन विभाग से चार पहिया वाहन स्वामी का डाटा संकलित कर खाद्य सुरक्षा में चयनित अपात्र लोगों को नोटिस जारी किया जाएगा।

■ स्वेच्छा से नाम हटवाने की अंतिम तिथि 28 फरवरी तक

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को अर्पित किए श्रद्धासुमन

उदयपुर, (निसं)। शहीद दिवस के अवसर पर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट उद्यान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में पुलिस महानिरीक्षक श्री गौरव श्रीवास्तव, अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रशासन दीपेंद्र सिंह राठौड़, अतिरिक्त जिला कलेक्टर सिटी जितेंद्र ओझा सहित जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारियों ने महात्मा गांधी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर बापू को नमन किया। कार्यक्रम के दौरान रामधुन एवं गांधीजी के प्रिय भजनों का भावपूर्ण गायन किया गया। प्रातः 11 बजे सभी उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखकर राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक आदित्य ने स्पर्श कुष्ठ रोग दिवस के उपलक्ष्य में कुष्ठ रोगियों के प्रति सामाजिक भेदभाव समाप्त करने को लेकर जिला कलेक्टर के संदेश का वाचन किया तथा सभी को मानवता, करुणा और समानता का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम के पश्चात पुलिस महानिरीक्षक एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर द्वारा स्पर्श कुष्ठ रोग निवारण जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया, जो जिलेभर में जनजागरूकता का संदेश देगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी एवं नागरिक उपस्थित रहे और सभी ने गांधीजी के सत्य, अहिंसा और सेवा के आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

■ कलक्ट्रेट में मनाया शहीद दिवस

शहीद दिवस पर कलक्ट्रेट परिसर स्थित उद्यान में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित करते अधिकारी व कर्मचारी।

कुष्ठ रोग दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

बांसवाड़ा(निसं)। महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर जिले में कुष्ठ जागरूकता संबंधित कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। ब्लॉक तालवाड़ा के राउप्रावि खलपुर में कुष्ठ रोग दिवस मनाते हुए विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों को कुष्ठ रोग के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष कार्यक्रम हुए। कार्यक्रम में आयुष्मान आरोग्य मंदिर उपस्वास्थ्य केंद्र खलपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी दिनेश तेली ने कुष्ठ रोग के कारण, लक्षण, पहचान एवं इसके निःशुल्क उपचार के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कुष्ठ रोग समय पर पहचान और नियमित उपचार से पूरी तरह ठीक हो सकता है तथा इससे डरने या रोगी के साथ भेदभाव करने की आवश्यकता नहीं है। तेली ने अपील की कि शरीर पर सुन्नपन, हल्के रंग के दाग या घाव दिखाई देने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें ताकि समय रहते उपचार शुरू किया जा सके। कार्यक्रम के दौरान कुष्ठ रोग के प्रति सामाजिक भेदभाव को समाप्त करने और रोगियों को सम्मान देने का संदेश भी दिया गया।

कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राज.)

क्रमांक : F.11( )Region-I/2026/1363 Date: 30/01/26

आम सूचना

राजस्व ग्राम देवाली (शोभागपुरा) के खसरा नम्बर 1454, 1467, 1474 से 1535, 1537 से 1541, 1543 से 1564, 1568 से 1607, 1612 से 1626, 1667, 1677, 1678, 1681 से 1694 एवं न्यास भूमि के आराजी संख्या 1492, 1493, 1522, 1529, 1530, 1546, 1570, 1573, 1605, 1667, 1681, 1689, 1690, 1691 के अनुमोदित प्लान मे स्थित भूखण्ड संख्या 348 क्षेत्रफल 1986'-00" वर्गफीट के नियमन हेतु श्री अल्ताफ हुसैन बोहरा पिता श्री सैफुद्दीन बोहरा (नाथद्वारा वाला) एवं श्रीमती सकीना बोहरा पत्नी श्री अल्ताफ हुसैन (नाथद्वारा वाला) निवासी- 5, न्यू अंहिसापुरी, गली नं. 14, फतहपुरा, उदयपुर (राज.) द्वारा आवेदन पत्र के साथ 90-क आदेश, अपंजीकृत विक्रय ईकरार, क्षतिपूर्ति बंध - पत्र, शपथ-पत्र आदि प्रस्तुत कर आवंटन/पट्टा चाहा गया हैं। प्राप्त मौका रिपोर्ट के अनुसार आवेदित भूखण्ड पर भवन निर्मित हैं। आवेदक को उक्त भूखण्ड श्री रतनलाल पिता श्री मोतीलाल भील से श्री अल्ताफ हुसैन बोहरा पिता श्री सैफुद्दीन बोहरा (नाथद्वारा वाला) एवं श्रीमती सकीना बोहरा पत्नी श्री अल्ताफ हुसैन (नाथद्वारा वाला) निवासी- 5, न्यू अंहिसापुरी, गली नं. 14, फतहपुरा, उदयपुर (राज.) के नाम करने के संबंध मे किसी को कोई आपत्ति / ऐतराज हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 07 दिवस मे प्रस्तुत करे अन्यथा बाद मियाद गुजरने नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही अमल में लायी जावेगी ।

(जगदीश सिंह आशिया) उपायुक्त
उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर

कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राज.)

क्रमांक : F.11( )Region-I/2026/1364 Date: 30/01/26

आम सूचना

राजस्व ग्राम देवाली (शोभागपुरा) के खसरा नम्बर 1746, 1747, 1749 से 1754, 1757 से 1759, 1761, 1764, 1765, 1768, 1796, 1800 से 1812 के स्वीकृत ले-आउट प्लान मे स्थित भूखण्ड संख्या 49 क्षेत्रफल 2415'-00" वर्गफीट के नियमन हेतु श्री शब्बीर हुसैन पिता श्री फिदा हुसैन हकीम निवासी- 49, खारोल कॉलोनी, उदयपुर (राज.) द्वारा आवेदन पत्र के साथ 90-क आदेश, जमाबंदी, पंजीकृत विक्रय पत्र, क्षतिपूर्ति बंध-पत्र, शपथ-पत्र आदि प्रस्तुत कर आवंटन/पट्टा चाहा गया हैं। प्राप्त मौका रिपोर्ट के अनुसार आवेदित भूखण्ड पर भवन निर्मित हैं। अतः उक्त अनुमोदित प्लान मे स्थित भूखण्ड संख्या 49 क्षेत्रफल 2415'-00" वर्गफीट का पट्टा श्री शब्बीर हुसैन पिता श्री फिदा हुसैन हकीम निवासी- 49, खारोल कॉलोनी, उदयपुर (राज.) के नाम करने के संबंध में किसी को कोई आपत्ति/ऐतराज हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 07 दिवस में प्रस्तुत करे अन्यथा बाद मियाद गुजरने नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही अमल में लायी जावेगी ।

(जगदीश सिंह आशिया) उपायुक्त
उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर

कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राज.)

क्रमांक : F.11( )Region-I/2026/1365 Date: 30/01/26

आम सूचना

राजस्व ग्राम देवाली (शोभागपुरा) के खसरा नम्बर 1454, 1467, 1474 से 1535, 1537 से 1541, 1543 से 1564, 1568 से 1607, 1612 से 1626, 1667, 1677, 1678, 1681 से 1694 एवं न्यास भूमि के आराजी संख्या 1492, 1493, 1522, 1529, 1530, 1546, 1570, 1573, 1605, 1667, 1681, 1689, 1690, 1691 के अनुमोदित प्लान मे स्थित भूखण्ड संख्या 349, 350, 351 क्षेत्रफल 4770'-00" वर्गफीट के नियमन हेतु श्री अल्ताफ हुसैन बोहरा पिता श्री सैफुद्दीन बोहरा (नाथद्वारा वाला) एवं श्रीमती सकीना बोहरा पत्नी श